केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

**सीबीएसई/निदे(कौ.शि.एवं प्रशि.)/ कृ० बु० /2019** **25 अप्रैल, 2019**

## अधिसूचना

### शिक्षकों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

सीबीएसई ने शिक्षकों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर तीन दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन करने का निर्णय उन स्कूलों के लिए निम्नलिखित विवरणों के अनुसार लिया है जिन्होंने सत्र 2019-2020 से अपने स्कूलों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को प्रदान करने के लिए आवेदन किया हैं:

- **तिथि: 30 अप्रैल 2019- 2 मई 2019 (तीन दिन)**
- **समय: 10.00 पूर्वाहन से 5.00 अपराहन तक**
- **स्थल: सीबीएसई, 17, राऊज एवेन्यू, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली**

**स्कूलों से इस लिंक https://forms.gle/XcEnpNu61zLV2k5q6 का प्रयोग करके इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए अपने स्कूल के आईटी शिक्षक को प्रतिनियुक्त करने का अनुरोध किया जाता है।**

कृपया नोट करें कि इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए कोई शुल्क नहीं है। सीट पहले आओ-पहले पाओं के आधार पर भरी जाएंगी।

सहभागी प्रायोगिक गतिविधियों के लिए अपना लैपटाप लेकर आएंगे।

सीबीएसई कोई टीए/डीए अथवा रहने की सुविधा प्रदान नही करेगा। सहभागी अपनी यात्रा और ठहरने की व्यवस्था स्वयं करेंगे।

**इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए चयनित शिक्षकों की सूची 29 अप्रैल 2019 को 10.30 बजे सीबीएसई वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।**

अन्य कोई विवरण/ प्रश्न के लिए, jsse.cbse@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से, कृपया संयुक्त सचिव, कौशल शिक्षा विभाग से संपर्क करें।

**(डॉ बिस्वाजित साहा)**
**निदेशक (कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण)**